राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3)

क्रमांक एफ 1(2)ग्रावि / नरेगा / माद. / 125028 / पार्ट / 2017 जयपुर, दिनांक : 31 JAN 2017

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी नरेगा
समस्त राजस्थान।

विषयः– **महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत रोजगार की मांग दर्ज के संबन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वित्तीय वर्ष 2016–17 समाप्ति की ओर है एवं महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत **अनुमोदित श्रम बजट के अनुरूप मानव दिवस सृजन सुनिश्चित** किया जाना है। योजनान्तर्गत **जारी ई–मस्टररोल** के अनुसार नियोजित श्रमिकों की **गत वर्ष से तुलना** किये जाने पर यह देखा गया है कि **वर्तमान वित्तीय वर्ष में श्रमिक नियोजन पिछले वर्ष की तुलना में कम** हो रहा है जबकि अनुमोदित श्रम बजट पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। आदिनांक की स्थिति के अनुसार **राज्य की 2352 ग्राम पंचायतों में श्रमिकों का नियोजन शून्य** है (प्रति संलग्न)।

वर्तमान में किसी भी ग्राम पंचायत में **योजनान्तर्गत कार्य की मांग नही होना संभव** प्रतीत नही होता है। राज्य सरकार द्वारा यह निर्देश पूर्व से जारी है कि **प्रत्येक गुरूवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोजगार दिवस** का आयोजन किया जावे एवं योजनान्तर्गत **रोजगार की मांग विशेष रूप से hidden demand दर्ज किये जाने की व्यवस्था** की जावे।

पूर्व में जारी निर्देशों के क्रम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि **प्रत्येक गुरूवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोजगार शिविर आवश्यक** रूप से आयोजित किये जावे एवं इन शिविरों में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे :–

1. शिविरों में **फार्म न. 6 तथा सादा कागज पर रोजगार की मांग दर्ज** किये जाने की व्यवस्था की जावे तथा **प्राप्ति रसीद उपलब्ध** कराते हुए नरेगा सॉफ्ट में इन्द्राज कराये जाकर तुरन्त कार्य आवंटित किया जावे।

2. शिविर के दौरान **जॉबकार्ड सत्यापन, अपडेशन** का कार्य भी किया जावे।

3. कार्यक्रम अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि **प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु पर्याप्त मात्रा में कार्य उपलब्ध** हो।

4. नरेगा सॉफ्ट पर उपलब्ध **रिपोर्ट "आर 5.1.3"** के अनुसार ऐसे **परिवार जिन्हें 70 दिवस से अधिक रोजगार उपलब्ध** कराया जा चुका है, का चिन्हीकरण कर **100 दिवस का रोजगार पूर्ण कराये जाने का प्रयास** किया जावे।

5. जिन पंचायतों में **"प.दीनदयाल उपाध्याय जन कल्याण शिविर"** आयोजित किये जा रहे है, इन पंचायतों में **इस शिविर के दौरान भी रोजगार की मांग दर्ज** किये जाने की व्यवस्था की जावे।

उक्तानुसार तथा अन्य कोई स्थानीय विकल्प के अनुरूप कार्यवाही करते हुए **महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत रोजगार की मांग दर्ज करते** हुए **श्रमिक नियोजन बढाये जाने** का प्रयास करते हुए **अनुमोदित श्रम बजट के अनुरूप मानव दिवस सृजन सुनिश्चित** किया जावे।

भवदीय,

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(देबाशीष पृष्टि)
आयुक्त, ईजीएस

30/01/17

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग।
2. शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग।
3. आयुक्त, ईजीएस।
4. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सह अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, प्रथम महात्मा गांधी नरेगा समस्त।
5. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, महात्मा गांधी नरेगा राजस्थान बाडमेर।
6. विकास अधिकारी सह कार्यक्रम अधिकारी, महात्मा गांधी नरेगा पंचायत समिति समस्त।
7. रक्षित पत्रावली।

परि.निदे एवं संयुक्त सचिव, ईजीएस

Govt. of India
Ministry of Rural Development
Department of Rural Development

The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act

25-Jan-2017 11:13:28 AM

R6.15 MGNREGS daily status as per e-muster issued As on 25/01/2017

State : RAJASTHAN

SNo.	Districts	Total No. Of Gps	No. Of Gps where works in progress	Unskilled Labour engaged	No. Of Ongoing Works on which MR Issued	No. Of Workers without UID
1	AJMER	282	223	108955	1266	7701
2	ALWAR	512	299	15298	605	1182
3	BANSWARA	346	221	25607	2022	4949
4	BARAN	221	195	30089	887	1536
5	BARMER	489	322	97069	6375	8615
6	BHARATPUR	374	138	10028	285	1182
7	BHILWARA	384	361	101284	2339	10760
8	BIKANER	290	238	53422	2777	6059
9	BUNDI	183	123	8688	306	1016
10	CHITTORGARH	290	255	24744	1227	2085
11	CHURU	254	199	41536	1222	3033
12	DAUSA	234	126	8630	308	531
13	DHOLPUR	171	111	8441	266	1506
14	DUNGARPUR	291	246	88299	2303	10293
15	HANUMANGARH	251	223	65778	1242	1883
16	JAIPUR	532	374	26724	804	3809
17	JAISALMER	140	115	24979	1042	3169
18	JALORE	274	230	36309	1006	2550
19	JHALAWAR	252	246	43132	1342	6169
20	JHUNJHUNU	301	245	9686	1057	719
21	JODHPUR	466	397	76507	1580	11933
22	KARAULI	227	139	19294	411	3283
23	KOTA	155	152	12257	493	705
24	NAGAUR	467	434	81905	2216	10499
25	PALI	321	299	52419	1725	4356
26	PRATAPGARH	165	96	10496	522	1787
27	RAJSAMAND	207	184	39330	1474	3874
28	SAWAI MADHOPUR	200	99	6146	249	1139
29	SIKAR	343	229	11073	480	655
30	SIROHI	162	135	17870	470	1434
31	SRI GANGANAGAR	336	296	43238	864	3230
32	TONK	230	121	10021	410	1845
33	UDAIPUR	544	471	52897	3372	7638
	Total	9894	7542	1262151	42947	131125

9894
7542
2352